मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

अनुक्रमांक ..........................

नाम ..................................

936 **830(CF)**

**2019**

चित्रकला

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**विशेष निर्देश :**

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से भी सभी प्रपत्रों पर स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए।

ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।





iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

## खण्ड 'क'

### (अनिवार्य)

### ( प्राकृतिक दृश्य चित्रण )

दिए गये पूरे ड्राइंग कागज पर 2 सेमी का बार्डर छोड़कर निम्नलिखित में से किसी एक का दृश्य-चित्र तैयार कीजिए। चित्रांकन का माध्यम जलरंग, पोस्टर रंग अथवा अन्य कोई माध्यम हो सकता है। दृश्य-चित्रण में मानव आकृति का संयोजन भी करें।

i) प्रातःकालीन ग्रामीण दृश्य

ii) नदी में प्रातः के समय विचरण करती नौकाओं का दृश्य

iii) पनघट का दृश्य।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

अ) सही रेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य 15

ब) सही व उपयुक्त संयोजन 7½

स) सौम्य एवं उपयुक्त रंगों का प्रयोग 15

द) वातावरण का सही चित्रांकन। 7½

**अथवा**

**( आलेखन )**

बिस्तर की चादर के लिए मौलिक आलेखन बनाइए। इसकी माप 22 सेमी × 18 सेमी हो। आलेखन में सज्जापूर्ण मछली, कमल पुष्प, पत्तियों तथा कलियों का प्रयोग करें। आलेखन प्राकृतिक या आलंकारिक हो सकता है। इसमें ऐसे तीन रंगों (सफेद के अतिरिक्त) का प्रयोग कीजिए जो चादर के हल्के पीले रंग के साथ तालमेल (सामंजस्य) में हो।

आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) मौलिक इकाई 15

ब) लयात्मक रेखांकन 7½

स) उत्तम संगति एवं रंग योजना 15

द) सामान्य प्रभाव व आकर्षण। 7½

**अथवा**





**( प्राविधिक कला )**

**सूचना :**

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

ii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हों। रचना की रचनात्मक रेखाओं को न मिटाइये।

iii) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। $3 \times 15 = 45$

अ) एक वर्ग की रचना कीजिए जिसका क्षेत्रफल उन दो वर्गों के क्षेत्रफल के योग के बराबर हो, जिनकी भुजाएँ क्रमशः 4 सेमी तथा 4·5 सेमी हैं। 7 + 8

ब) एक समषट्भुज जिसकी भुजा 5 सेमी है, की रचना कीजिए। इस षट्भुज के अन्तर्गत एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन बनाइए जो अर्ध-वृत्तों और रेखाओं पर आधारित हो। 7 + 8

स) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसका परिमाप 16 सेमी तथा तीनों भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 6 हो। 7 + 8

द) एक वृत्त की रचना कीजिए जिसकी त्रिज्या 4 सेमी हो। वृत्त के केन्द्र से 8 सेमी दूरी पर 'क' बिन्दु है। 'क' बिन्दु से वृत्त पर एक जोड़ा स्पर्श रेखा खींचिए। 7 + 8

य) एक विकर्ण मापनी की रचना कीजिए जो 4 सेमी द्वारा एक मीटर निरूपित करती हो, जिस पर मीटर, डेसीमीटर और सेमी तक की दूरियाँ पढ़ी जा सकें। मापनी की निरुपक भिन्न [R.F.] निकाल कर उस मापनी पर 3 मीटर तथा 6·5 डेसीमीटर की दूरी अंकित कीजिए। 5 + 5 + 5

**खण्ड 'ख'**

**( स्मृति चित्रण )**

2. इस प्रश्न में दो भाग **अ** तथा **ब** हैं। दोनों ही भागों को चित्रित कीजिए।

अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से कम न हो। चित्रांकन में रेखा सौष्ठव एवं आकृति की अनुरूपता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

रेखा सौष्ठव पर 6 अंक तथा आकृति की अनुरूपता पर 6½ अंक निर्धारित है।

i) छाता

ii) सुराही तथा ग्लास

iii) गैस चूल्हा

iv) थर्मस।





ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा कीजिए। चित्र 15 सेमी से कम न हो। चित्रांकन में रेखा सौष्ठव एवं आकृति की अनुरूपता पर विशेष ध्यान दें।

रेखा सौष्ठव पर 6 अंक एवं आकृति की अनुरूपता पर 6½ अंक निर्धारित है।

i) एक सेब

ii) दो केले

iii) गाजर

iv) एक बैंगन।

**अथवा**

**खण्ड 'ग'**

**( भारतीय चित्रकला )**

3. अ) बाघ गुफा के बारे में आप क्या जानते हैं ? 15

**अथवा**

मुगलकालीन चित्रकला की शैली पर निबन्ध लिखिए। 15

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार विकल्पों में दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुन कर दिए गए ड्राइंग कागज पर क्रमानुसार लिखिए।

i) आस्टवाल्ड रंग चक्र में कुल कितने रंग हैं ?

अ) पाँच ब) सात

स) चार द) आठ। 1

ii) 'कला' शब्द किस भाषा से सम्बन्धित है ?

अ) अंग्रेजी ब) मराठी

स) हिन्दी द) संस्कृत। 1

iii) अजन्ता की गुफाएँ किस प्रदेश में स्थित हैं ?

अ) बिहार ब) मध्य प्रदेश

स) राजस्थान द) महाराष्ट्र। 1

iv) मिर्जापुर की चित्रकारी का समय माना जाता है

अ) 5000 ई०पू० ब) 9000 ई०पू०

स) 1500 ई०पू० द) 700 ई०पू०। 1

v) अजन्ता में कुल कितनी गुफाएँ हैं ?

अ) 18 ब) 20

स) 28 द) 30. 1





vi) वास्तुकला, चित्रकला और मूर्तिकला की त्रिवेणी किन गुफाओं को कहा गया है ?

अ) जोगीमारा गुफा

ब) अजन्ता की गुफा

स) बाघ की गुफा

द) बादामी गुफा। 1

vii) मुख्य रंग कितने होते हैं ?

अ) 3 ब) 4

स) 7 द) 2. 1

viii) बंगाल स्कूल का जनक किसे कहा जाता है ?

अ) नन्दलाल बोस

ब) असित कुमार हालदार

स) अवनीन्द्रनाथ टैगोर

द) क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार। 1

ix) राजस्थानी चित्रकला में शिकार दृश्य किस शैली में अधिक हुआ है ?

अ) मेवाड़ ब) कोटा

स) किशनगढ़ द) जयपुर। 1

x) किस राजा ने कांगड़ा शैली को संरक्षण प्रदान किया ?

अ) घमण्ड चंद ब) निहाल चंद

स) संसार चंद द) सावन्त सिंह। 1

830(CF) - 4,40,000